# चैत्र नवरात्रि मेला प्रारंभ, पहले दिन एक लाख श्रद्धालुओं ने की मां शारदा की पूजा अर्चना

## आईजी गौरव राजपूत पहुंचे मैहर, देखी व्यवस्था

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि प्रारम्भ हो गया। प्रथम दिन 1 लाख श्रद्धालुओं ने मां शारदा की पूजा अर्चना की। मां शारदा देवी मंदिर के दिव्य दर्शन एवं महा आरती मां शारदा देवी मंदिर के प्रधान पुजारी पवन पांडे दाऊ सरकार द्वारा किया गया।मेला की शुरुआती दौर पर प्रथम दिन प्रातः मैहर एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल एवं सीएसपी राजीव पाठक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। प्रथम दिन श्रद्धालुओं के लिए मां शारदा मंदिर के पट खुले एवं दर्शन सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया। रीवा संभाग के आईजी गौरव राजपूत मैहर पहुंचे और मां शारदा के दर्शन करने के बाद देवी जी में तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मैहर जिले के एसपी सुधीर अग्रवाल,एडिशन एसपी चंचल नागर, एस डी ओ पी मैहर राजीव पाठक,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदीऔर जिले का पुलिस बल वा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे जिले के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ,डियूटी में लगे सभी डियूटी स्थलों पर जाकर किया निरीक्षण एवं सभी को उचित दिशा निर्देश दिए गए। मध्य रात्रि से 24 घंटे संपूर्ण मेला क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था लगाई गई है। रविवार शाम तक 1 लाख से अधिक दर्शनार्थियों ने मां का माथा टेका निरंतर मां के दर्शन को दर्शनार्थी दर्शन कर रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मां शारदा जी के दर्शन कर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी,धीरज पांडेय, उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार,पार्षद पवन दुबे,रेखा दुबे,वेद प्रकाश गुप्ता,आशीष मिश्रा,मनोज चौरसिया,सरोज सिंह,अनुज सेन,गगन दहिया ने आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही क्षेत्र की उन्नति,प्रगति व खुशहली के लिए हवन भी किया। आज मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं अमरपाटन विधायक डॉ.राजेंद्र कुमार सिंह अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रंजना सिह के साथ आज मैहर पहुंचे और त्रिकूट पर्वत पर विराजी मां शारदा की पूजा अर्चना कर माई शारदा का आशीर्वाद प्राप्त किया इसके साथ ही मैहर के बड़ा अखाड़ा पहुंचकर गुरुजी से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। मैहर एसडीएम विकास सिंह रोपवे परिषर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं रोपवे कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश दिए और कहा की श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार की कोई भी अभद्रता नहीं होनी चाहिये बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए श्री सिंह ने बताया की श्रद्धांलुओं के बैठने के लिए 500 कुर्सी रखवाई गयी हैं पीने के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था की गयी हैं। पूरे परिषर में पंडाल लगवाया गया हैं एवं उपचार के लिए डॉक्टर की टीम उपलब्ध कराई गयी हैं। शारदा समिति के द्वारा 10 रूपये में भर पेट भोजन कराया जा रहा है यात्री को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े यही हमारा मूल उदेश्य है।





## खबर संक्षेप

### भारत का नव वर्ष विक्रम संवत पुस्तक का विमोचन

**मैहर।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के आदेशानुसार संवत 2082 के शुभारंभ ईसवी कैलेण्डर कार्यक्रम में मैहर के एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की शुरुआत मैहर के प्राचीन गोलामठ शिव मंदिर से पूजा अर्चना कर किया।

### बसों की जांच कर चालकों को दी गई हिदायत

**कटनी।** बस स्टैण्ड चौकी पुलिस द्वारा बसों की जांच कार्यवाही की गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि बस चालको द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से बस संचालन की शिकायतों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा एवं कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर बस स्टैंड में बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बसों के परमिट, फिटनेस सहित अन्य दस्तावेजों को चेक किया गया, इसके साथ ही चालक और परिचालक के दस्तावेज भी जांचे गए। चेकिंग के दौरान अवस्थित रूप से बस खड़ी कर यातायात अवरुद्ध करने वाले एक बस चालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसे आर्थिक दंड वसूल किया गया। चालक और परिचालक को यह भी समझाइस दी गई है कि वे यात्रा के दौरान किसी भी तरह के नशे का सेवन न करें, यात्रियों से अभद्रता पूर्वक व्यवहार न करें। किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

### बिजली बिल जमा करने के बाद भी नहीं जोड़ा बिजली कनेक्शन

**ढीमरखेड़ा।** बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। विधुत विभाग का अमला दुकानों को सील कर वाहनों को भी जब्त कर रहा है। कर्मचारियों की मनमानी ऐसी है कि बिजली बिल जमा होने के बाद भी लाइन नहीं जोड़ी जा रही। ढीमरखेड़ा के पोंडी कला बी में नंद किशोर यादव का 1084 रुपये बिजली बिल बकाया रहा। 26 मार्च को कनिष्ठ अभियंता सहित बिजली विभाग के कर्मचारी उपभोक्ता के घर पहुँचे। बिल बकाया होने पर बिजली काट दी। उपभोक्ता के बेटे को इसकी जानकारी लगी तो उसने तत्काल बिजली बिल जमा कराया। बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली बिल जमा होने की जानकारी भी दी। बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही इस कदर चरम पर है कि उपभोक्ता के जानकारी देने के बाद भी चार दिनों तक घर की सप्लाई नहीं जोड़ा।बिल जमा होने के बावजूद उपभोक्ता का परिवार दिन में बगैर बिजली और रात का समय अंधेरे में काट रहा है। उपभोक्ता के बेटे का आरोप है कि बिजली कर्मचारी अवैध वसूली कर उपभोक्ताओं को परेशान करते है। बेटे ने कहा कि बिजली कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार भी किया है। इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता ढीमरखेड़ा आनंद प्रजापति ने बताया कि बिजली बिल जमा होने की जानकारी ली जाएगी। अगर बिल जमा हैं तो बिजली कनेक्शन जोड़ा जाएगा। अभी तक क्यों नहीं जोड़ा गया, इसकी भी जानकारी लेते हैं।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर दस हजार का लगाया जुर्माना

**कटनी।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक के विरूद्ध न्यायालय ने 10 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा शराब पीकर वाहन चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। बरही पुलिस ने कस्बा भ्रमण के दौरान मैहर रोड अमरपुर तिराहे पर एक बिना नंबर का मालवाहक आटो लोडर का चालक ऑटो लोडर को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पाया गया जिसे रोककर चेक किया गया जो कि चालक शराब पीकर वाहन चला रहा था।

# कोठी पुलिस पर बंधक बनाकर पीटने और करंट लगाने का आरोप

**सतना।** कोठी थाना पुलिस पर 5 संदिग्धों को बंधक बनाकर प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगा है। मामला पवइया गांव का है। 20 फरवरी को एक खेत में ट्रांसफॉर्मर के पास 35 वर्षीय मनीष सिंह की लाश मिली थी। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया। आरोप है कि पुलिस ने इन संदिग्धों को 31 घंटे तक बंधक बनाकर रखा और बेरहमी से पिटाई की। विशेष रूप से, एक संदिग्ध योगेंद्र सिंह उर्फ बीरू की जीभ पर करंट लगाने का भी आरोप है। मामले में शनिवार शाम एसपी आशुतोष गुप्ता ने जांच के आदेश दिए हैं। जबकि,कोठी के थाना प्रभारी मनीष भारद्वाज ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। एक संदिग्ध योगेंद्र सिंह उर्फ बीरू ने कहा कि मुझे जीभ पर करंट तक लगाया गया।



### टीआई बोले-

पारदर्शिता के लिए वीडियोग्राफी कराई थाना प्रभारी का कहना है कि पूछताछ के बाद सभी का मेडिकल कराया गया और पारदर्शिता के लिए वीडियोग्राफी भी की गई। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार नोटिस दिए गए थे। घटनाक्रम के अनुसार,19 मार्च को कोठी थाने के एएसआई आरबी सिंह,कांस्टेबल मानवेंद्र सिंह चंदेल,रमेश चंद्र मीणा और कंप्यूटर ऑपरेटर रिंकू जाटव ने योगेंद्र, चुनकौना कोल,संतो कोल,रामकरण चौधरी और प्रभात सिंह को थाने ले गए थे। पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था। आरोप है कि पुलिस ने बंधक बनाकर बेहरमी से पीटा भी।

### 31 घंटे अवैध रूप से कस्टडी में रखने का आरोप

एसपी से की गई शिकायत के मुताबिक हत्या के शक पर सभी 5 संदेहियों को पुलिस कालोनी के अलग-अलग कमरों में 31 घंटे तक बंधक बना कर रखा गया। जहां थाना प्रभारी मनीष भारद्वाज,एएसआई आरबी सिंह, कांस्टेबल मानवेंद्र सिंह चंदेल और रमेश चंद्र मीणा ने रात 7 बजे से 12 बजे तक रह-रह कर बेरहमी से पिटाई की। पैर बांध कर पीठ के बल लिटा दिया गया। तलवों में बांस के डंडों और पाइप से पिटाई की गई। पीठ,कंधे और जांघों में भी डंडे बरसाए गए। 39 वर्षीय एक संदेही योगेंद्र सिंह उर्फ बीरु के मुताबिक,जबरिया जुर्म कबूल कराने के लिए थाने के कम्प्यूटर आपरेटर ने योगेंद्र उर्फ बीरू की जीभ में भी करंट मारा। पुलिस की पिटाई से एक अन्य संदेही संतो कोल 2 घंटे तक बेहोश रहा। मांगने पर भी पीने का पानी नहीं दिया गया। बेटे की तलाश में थाने पहुंचे योगेंद्र के पिता नारेंद्र सिंह को मिलने भी नहीं दिया गया।

### पीएम रिपोर्ट के बाद अज्ञात पर अपराध दर्ज

मामले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि शव मिलने पर प्रारंभिक जांच में मर्ग कायम कर केस विवेचना में लिया गया था। पीएम रिपोर्ट में मृतक के गले की हड्डी और एक हाथ टूटा पाए जाने पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर पड़ताल शुरू की गई है। एसपी ने कहा कि संदेहियों पर थर्ड डिग्री के इस्तेमाल की जांच कराई जाएगी।

# हरदुआ में शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग, खड़ी फसल जलकर खाक

### बिजली कंपनी पर लापरवाही करने का आरोप

**सतना।** हरदुआ गांव में रविवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक बिजली सप्लाई होने से शॉर्ट सर्किट हो गया। इससे किसान पप्पू द्विवेदी के खेत में आग लग गई। इस दौरान आग तेजी से फैलने लगी। सूचना के बाद नागौद से दमकल के दो वाहन बुलाए गए। दमकलकर्मियों ने काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।



किसान ने बताया कि इस घटना में उसकी पौने दो एकड़ में लगी खड़ी फसल जलकर राख हो गई। किसान ने बिजली कंपनी पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। किसान ने बताया कि कंपनी के नियम के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखनी होती है। यह नियम किसानों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है। किसानों के खेतों से होकर बिजली के तार गुजरते हैं। लेकिन कई इलाकों में इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। बिजली कर्मचारी मनमाने तरीके से बिजली चालू कर देते हैं।

### ट्रिपिंग के कारण हुआ शॉर्ट सर्किट

वहीं मामले में नागौद क्षेत्र के डीई कृष्ण कुमार सेठी ने कहा कि घरेलू फीडर लाइन में ट्रिपिंग के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ होगा। कई इलाकों में घरेलू एवं कृषि पम्प की लाइन साथ-साथ है। लाइनमैन से घटना की जानकारी ली जाएगी।

# घटिया भोजन की शिकायत पर छात्रावास पहुंची जांच टीम

### निरीक्षण भी किया,बच्चों के लिए बयान

**सतना।** कोलगवां थाना के आदर्श नगर नई बस्ती स्थित अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में व्यवस्थाओं और घटिया खाद्यान्न से परेशान छात्र शुक्रवार की रात कलेक्टर बंगले पहुंच गए थे। मामले की जांच के लिए शनिवार को नायब तहसीलदार राजेश सिंह,राजस्व निरीक्षक बीरेश सिंह और ट्राइबल अधिकारी कमलेश्वर सिंह की टीम छात्रावास पहुंची। छात्रों ने टीम को बताया कि वे विभिन्न कॉलेजों में पढ़ते हैं।



हर कॉलेज की टाइमिंग अलग-अलग है। छात्रावास में गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिलता और साफ-सफाई का भी अभाव है। छात्रावास में 50 से अधिक छात्र रह रहे हैं। अधीक्षक विमल तिवारी को अभी तक ट्राइबल विभाग की ओर से कोई नोटिस नहीं दी गई है। ट्राइबल डीईओ कमलेश्वर सिंह ने बताया कि छात्रावास की व्यवस्थाओं की जांच के लिए तीन छात्रावास अधीक्षकों की एक समिति बनी हुई है। यह समिति समय-समय पर निरीक्षण करती है।

# छह शिकारी गिरफ्तार, सांभर का मांस, फंदे और कुल्हाड़ी जब्त

**सतना।** चित्रकूट के नयागांव बीट में पुलिस ने शुक्रवार रात स्फटिक शिला के पास मंदाकिनी तट पर 6 शिकारियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों पर अनुसूची-1 के वन्य प्राणी सांभर और सेही के शिकार का मामला दर्ज हुआ है।चित्रकूट रेंजर विवेक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में प्रेमलाल निषाद, शिवप्रसाद निषाद,छोटू निषाद,ननका केवट,गजोधर केवट और लल्ली पटेल उर्फ ललित पटेल शामिल हैं। ये सभी उत्तर प्रदेश के कर्वी के बालापुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में चित्रकूट के धोबी घाट राजोला में रह रहे थे।



### सांभर का पका मांस मिला

बताया जाता है कि जांच में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उनके पास से 11 फंदे, सांभर का पका मांस और कुल्हाड़ी बरामद की गई। सेही का मांस आरोपियों ने पहले ही खा लिया था,जिसकी पुष्टि मौके से बरामद की गई सेही की अंतड़ियों से हुई।

### जमानत पर छूटा था एक आरोपी

बता दें कि आरोपी ननकू केवट 7 महीने पहले ही मंदाकिनी नदी में डायनामाइट से मछली पकड़ने के मामले में हाईकोर्ट से जमानत पर छूटा था। रेंजर के मुताबिक,सभी आरोपी पेशेवर शिकारी हैं और इनके खिलाफ पहले से कई मामले विचाराधीन हैं। सभी आरोपियों पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। चित्रकूट न्यायालय ने सभी को न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल भेज दिया है।

# व्यंकटेश मंदिर में हुई ब्रह्म ध्वज स्थापना

## विक्रमादित्य के जीवन पर हुई नृत्य नाटिका

**सतना।** विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ पर व्यंकटेश मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को नगरीय विकास और आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सूर्य उपासना के साथ ब्रह्म ध्वज का पूजन किया गया। इसके बाद ध्वज को मंदिर कलश पर स्थापित किया गया। रंग प्रवर्तन सांस्कृतिक समिति के कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य और विक्रम संवत की नववर्ष शुरुआत पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'भारत का नव वर्ष विक्रम संवत' का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह,चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार,महापौर योगेश ताम्रकार और भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय सहित प्रशासनिक अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित रहे।



# चांद दिखा, सोमवार को मनाई जाएगी ईद

सतना

*ईद का चांद दिखाई दे चुका है और अब 31 मार्च, सोमवार को पूरे देश में ईद का उत्सव मनाया जाएगा।मुस्लिम समुदाय के लिए ईद एक महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन का बेसब्री से इंतजार बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी करते हैं। लोगों ने रविवार शाम को ईद का चांद देखा। इसके बाद एक दूसरे को ईद की बधाई दी बधाई का यह सिलसिला लगातार जारी है।*

***ईद उल फितर का महत्व***

*ईद उल फितर का अर्थ है 'रोजा खोलने का त्योहार'। यह रमजान के समापन का उत्सव है। जो इबादत, दान और आत्म-ज्ञान का महीना होता है। इसे इस्लाम की पांच प्रमुख शिक्षाओं में से एक माना जाता है और इसे आभार,पुरस्कार और आनंद के रूप में मनाया जाता है।*

# 32 लाख रुपए की लागत से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

***मैहर।*** *मैहर के ग्राम पंचायत सेमरा बैहार में आज जन भागीदारी से जनसंचयन का संकल्प अभियान को लेकर जल गंगा सर्ववर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान आज 30 मार्च शुरू होकर 30 जून तक यह निरंतर चलता रहेगा। इस आयोजन के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,जनपद पंचायत के सीईओ प्रतिपाल सिह बागरी,प्रकाश तिवारी एवं जयंती तिवारी,गुड्डू बड़गईयां उपस्थित रहे।*

## मौलिक और परंपरागत अनाज है श्रीअन्न

# भरहुत होटल में आयोजित हुई श्री अन्न उत्पादों की प्रदर्शनी

**सतना।** कृषि विभाग द्वारा शनिवार को मोटे अनाज के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने और श्री अन्न उत्पादों के ब्रांडिंग के लिए शनिवार को शाम को मिलेट्स ब्रांडिंग कम एग्जीबिशन गैलरी का आयोजन किया गया। सतना सांसद गणेश सिंह,विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मिलेट प्रदर्शनी का उद्घाटन कर श्री अन्न उत्पादों और उनसे बने व्यंजनों का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह ने कहा कि श्री अन्न यानि मोटे अनाज हमारे देश का मौलिक और परंपरागत अनाज है। इससे बने व्यंजन तथा भोजन की पौष्टिकता और स्वाद लाजबाब होने के साथ ही व्यक्ति को स्वस्थ्य रखने में भी सहायक होते हैं। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर देश में वर्ष 2023 को श्रीअन्न (मिलेट) वर्ष के रूप में मनाया गया। स्वास्थ्य भारत और मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए किसानों को मिलेट्स की ओर जाना होगा। गत वर्षों की तुलना में सतना और मैहर जिले में मोटे अनाजों की खेती निरंतर बढ रही है। विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा कि मोटे अनाज हमारे किसानों के लिए पूर्व के वर्षों में प्राथमिकता की फसल रहा है। लेकिन बाद में बढती हुई देश की आबादी और अन्य फसलों की अपेक्षा कम उत्पादन होने से धीरे-धीरे मिलेटस का अभाव होता गया। विधायक ने कहा कि खेती में उत्पादन की लागत बाजार और मूल्य तीन चीजें प्रमुख होती है। उत्पादन अच्छा हो और फसल की कीमत समानुपातिक रूप से अच्छी मिले तो किसान इसकी ओर प्रेरित होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि राज्य मिलेटस प्रोत्साहन योजना के तहत मोटे अनाजों के उत्पादन को बढावा देने और किसानों को इस ओर प्रेरित करने मोटे अनाज (मिलेटस) की ब्रांडिग की जा रही है। प्रदर्शनी में ज्वार, बाजरा,कोदो,कुटकी,सांवा और रागी के बनने वाले उत्पाद और उनसे बनने वाले स्वादिष्ट पोषण युक्त व्यंजन रखे गये हैं। प्रदर्शनी में आये हुए सहभागियों ने स्व सहायता समूह एवं एफपीओ तथा कृषि मित्रों द्वारा मोटेअनाज से सतना जिले में निर्मित उत्पादों का अवलोकन और क्रय तथा मिलेटस से बने व्यंजनों, कोभरी,लाटा,ज्वार,बाजरा और मक्के की रोटी,कटलेट (बडा),कोदो-कुटकी का भात,चौसेला,भरता और रांगी की स्वादिष्ट खीर का रसास्वादन किया।



## खबर संक्षेप

### जल संरचनाओं एवं अमृत सरोवर कार्यों को राजस्व अभिलेख में दर्ज करने के निर्देश

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार तीन माह तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में मनरेगा योजना अंतर्गत जिले में पूर्व में निर्मित किए गए सभी अमृत सरोवर कार्यों तथा जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेख में दर्ज किया जाएगा। साथ ही जल संरचनाओं के अतिक्रमण को चिन्हित करने एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी की जाएगी। इस संबंध में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग सहित समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को संबंधित जल संरचनाओं की सूची अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

### मॉय भारत पोर्टल पर होगा जलदूत का पंजीयन

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार 30 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सामाजिक सहभागिता और जनभागीदारी के लिए वॉलेंटियर्स के रूप में प्रेरित करने के उद्देश्य से जलदूत का पंजीयन किया जाएगा। इच्छुकजन मॉय भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करा सकेंगे। स्वसहायता समूह की सीआरपी, जनअभियान परिषद के मैदानी कार्यकर्ता, सामाजिक अंकेक्षण इकाई के व्हीएसए, मेट, जल संरक्षण अथवा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के अन्य क्षेत्रों में रूचि रखने वाले युवा, स्वयं के संसाधन से जल संरक्षण कार्य करने वाले युवा एवं कृषक इत्यादि जल दूत के रूप में पंजीयन करा सकते हैं।

### गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति की तिथि 15 अप्रैल तक बढ़ाई गई

**पन्ना।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों के हित में (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे। गौरतलब है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गयी जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में भिन्नता होने से आयुक्त खाद्य ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन व दावा आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।

### गुनौर में हाइवे सड़क निर्माण में धांधली और धूल के गुवार से बीमार हो रही जनता



**पन्ना।** कमाल का नगर है साहब, गुनौर जब चुनाव आता है तो आधे से ज्यादा लोग हिंदू मुस्लिम धर्म जाति संप्रदाय गोत्र मजहब और जाति बिरादरी, रिश्तेदारी में बटकर, चकरघिन्नी बन जाता है यहां का मतदाता और चंद लालची प्रवृत्ति के आगे अपने बेशकीमती बोट को लुटाकर पांच साल तक सर पीटता रहता है ? कुछ इसी तरह का हाल गुनौर में इन दिनों देखने को मिल रहा है। सक्ररिया से डिघौरा पहुंच मार्ग तक बनने वाली हाइवे सड़क निर्माण में नगर परिषद गुनौर के अंदर से जब घर के बाहर निकलते है, तब सड़क किनारे रहने वाले लोगों को धूल में सन जाने को मजबूर होना पड़ता है । क्योंकि सड़क को उखाड़ दिया अब भाई-भारी डंपरों से उड़ने वाली धूल लोगों का जीना मुहाल कर रही है। हस्र यह है साहब, कि लोगों को दरवाजे बंद करके अपने एक कमरे में दुबककर रह जाते हैं जब डंपरों का तीव्र तीखा हारन बजता है तो लोग समझ जाते हैं कि अब धूल उड़ेगी इसलिए अंदर दुबककर बैठ जाते हैं, अब गुनौर वीडियो को किसी को दमा सांस कई तरह की बीमारियों से बीमार हो रहे हैं मगर ठेकेदार और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि प्रशासन मौन है यहां तो यह भी पता नहीं चलता की साहब, कार्यवाही करने वाला कौन है।

# मोदी जी की मन की बात कार्यक्रमः गुनौर के ग्राम माल्हन में किया गया आयोजन

**पन्ना।**

जिले के गुनौर जनपद अंतर्गत ग्राम माल्हन में मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुनौर विधानसभा के ऊर्जावान विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। तत्पश्चात रामनवमी के शुभ अवसर पर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा के द्वारा मंच पर कन्या पूजन किया गया। इसके बाद मंचासीन लोगों का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। सबसे पहले मुख्य अतिथि गुण और विधानसभा के ऊर्जावान विधायक डॉ राजेश वर्मा का सरपंच ग्राम पंचायत माल्हन की प्रीति द्विवेदी के द्वारा पुष्प गुच्छ देखकर उनका स्वागत किया गया है। स्वागत की बेला में मंचासीन सभी का स्वागत बारी-बारी से किया गया। इसके बाद मंच पर उपस्थित सभी लोगों ने अपना-अपना उद्बोधन दिया मुख्य अतिथि डॉ राजेश वर्मा ने मंच से कहा कि मोदी जी की मन की बात में अनचाहे विषय रहते हैं। उन्होंने बताया कि एक महिला जिसने पूरे गांव की अंदर वृक्ष लगाने का काम किया जिसकी स्थिति ऐसी थी कि उसके तन पर फटे कपड़े थे एक समय का खाना भी मुश्किल से मिलता था जो कि पूरे गांव में वृक्ष लगाने का काम करती थी मोदी जी ने उसे बुलाया उसका सम्मान किया और उसे पद्मश्री भी दिया और मनकी बात कार्यक्रम में वह विषय नहीं रखा इस विधानसभा में जब हमने पूरे हाथ पैर पट के तो हमें कर रोड मिली 8 से 13 में जब मैं विधायक था तो 200000 भी देना मुश्किल रहता था और अब पैसे की कोई कमी नहीं हमारे






मोदी जी लगातार विकास कर रहे हैं हमारे विधानसभा में 70: लोग खेती पर आश्रित है हमारे मोदी जी ने जब इस बार शपथ ली तो सबसे पहले मंच से प्रधानमंत्री आवास की बात की और अब इस बार डेट बढ़ाकर 30 अप्रैल 2025 डेट बढ़ा दी है डेट इसलिए बढ़ती है कि अभी भी गांव में जो छूट गए हैं वह छूटे न ही लाडली बहनों के खातों में हर महीने की 10 तारीख को 12रू30 सो रुपए खाते में आते हैं तो कहीं ना कहीं सरकार की यह एक अच्छी पहल है शिक्षा के क्षेत्र में सरकार अच्छा काम कर रही है रोड़ो का जाल आप देख ही रहे हैं 20 साल पहले जो रोडो की हालत थी और आज जो रोड है पहले भोपाल जाने के लिए 7 से 8 घंटे लगते थे और अब पता ही नहीं चलता कब भोपाल आ गया माल्हन की रोड की स्थिति भी पहले खराब थी और अब सीधे आ जाते हैं पक्की रोड बन गई यह आप लोग तय करें कि कौन सी रोड कौन सी नाली पहले बननी चाहिए हम उनको पहले बनवाए काम करवा बहनों के खाते में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पैसा दे रही है किसानों के खातों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ऐसा डाल रही है अगर गांव का बेटा और बेटी पढ़ लिखकर आगे बढ़ता है तो समझो गांव का विकास हो रहा है कार्यक्रम में जन चौपाल कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने मंच पर एक-एक करके लोगों की समस्याएं सुनिऔर आवेदन लिए और मौके पर उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी समस्याएं हैं इन लोगों की उनके जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि उनको परेशान ना होना पड़े लगातार कार्यक्रम कि अगले चरण में जल संरक्षण जल संवर्धन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने बढ़कर हिस्सा लिया और ग्राम पंचायत में स्थित तालाब के आसपास की गंदगी को सफाई अभियान चलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में गुनौर विधायक ने तालाब पहुंचकर वहां पर सफाई की कार्यक्रम में श्रीकांत त्रिपाठी प्रदेश कार्य समिति



जनपद सीईओ धीरज चौधरी एसडीएम रामनिवास चौधरी तहसीलदार रत्ना पांडे नायब तहसीलदार राजेश मेहरा सरपंच प्रीति द्विवेदी जनपद अध्यक्ष गुनौर ज लसी बाई आदिवासी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत के लोग उपस्थित रहे।

खुले स्टाप डेम व चेक डैम से लगातार बह रहा नदी नालों का पानी

# तेजी से घट रहा जल स्तर, कुआं, बोर व हेण्डपंप हो रहे जल विहीन, अजयगढ़ क्षेत्र में जल संरक्षण अभियान फ्लॉफ

**अजयगढ़।** जल संरक्षण एवं पानी रोको अभियान में शासन द्वारा हर साल भारी भरकम बजट खर्च किया जाता है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सरकार का यह महत्वपूर्ण अभियान फ्लॉफ हो रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम चतुरे का पुरवा बहिरवारा के पास घरघरा घाट के नजदीक चेक डैम के खुले गेट से लगातार बर्बाद हो रहे नदी के पानी के रूप में देखा जा सकता है। इस घोर लापरवाही के चलते नदी की जलधारा टूटने से हरदी, टिकुरिहा, माखनपुर, बहिरवारा, रतनपुर, चतुरे का पुरवा, परनियापुर, लामी, गुलाबीपुर, नयागांव, दुर्गापुर, सिद्धपुर, पुखरा, छानिन, गाड़ापुर सहित दर्जनों ग्रामों का जल स्तर खिसक रहा है। सैकड़ों कुएं, बोर और हेण्डपंप जल विहीन हो चुके हैं। ग्रामीणों की समस्या को जिम्मेदार



अनदेखा कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र में पानी के लिए त्राहिमाम की संभावना बनती जा रही है। बताया गया है कि नदी नालों के चेकडैम या स्टाप डेम के गेट खोलने-बंद करने की जिम्मेदारी पंचायत या यूजर ग्रुप को सौंपी जाती है लेकिन चतुरे का पुरवा एवं माखनपुर के पास चेकडैम की जिम्मेदारी किस समूह संस्था या कर्मचारी की है किसी को पता नहीं है। पंचायत के द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे पानी बर्बाद हो रहा है और इसी प्रकार पानी बर्बाद होने से ग्रामीण किसानों के साथ-साथ पशु पक्षियों के सामने भी पेयजल संकट उत्पन्न हो सकता है।

### रेत कारोबारियों की करतूतों का अंजाम भुगत रहे ग्रामीण

बताया गया है कि पहले चेकडैम के गेट गर्मियों में बंद रहते थे जिससे नदी में कई किलोमीटर तक जल भराव रहने से आसपास के दर्जनों ग्रामों का जलस्तर मेंटेन रहता था इसके साथ ही सैकड़ों ग्रामों के पशु पक्षियों और जीव जंतुओं के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध रहता था, लेकिन विगत कुछ समय से रेत कारोबारियों के द्वारा नदी की रेत निकालने के लालच में चेकडैम के पूरे गेट खोल दिए जाते हैं, जिससे पानी फिजूल बह रहा है और क्षेत्र का जलस्तर घट रहा है। रेत कारोबारियों की इस करतूत का अंजाम दर्जनों ग्रामों के हजारों ग्रामीणों और पशु पक्षियों को भुगतना पड़ रहा है।

वैश्य दिवस पर नगर में निकाली गई भव्य वाहन रैली

# रैली में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष सम्मिलित रहे

**पन्ना।** वैश्य महासम्मेलन म.प्र. के प्रातांध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के आव्हान पर वैश्य दिवस पर जिला पन्ना द्वारा 30 मार्च, 2025 को संकल्प गार्डन से भव्य वाहन रैली प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्ग जैसे पावर हाऊस चौराहा, गांधी चौक, प्राणनाथ चौराहा, अजयगढ़ चौराहा से बड़ा बाजार, सिटी कोतवाली, बी.टी.आई. चौरहा से होते हुये अस्पताल चौराहा के पश्चात रैली का समापन संकल्प गार्डन में हुआ। रैली में वैश्य महासम्मेलन से जुड़े विभिन्न घटकों सहित सैकड़ों की संख्या में वाहन रैली में पुरूष-महिलाऐं सम्मिलित रहीं। रैली के समापन के पश्चात वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष मनोज केशरवानी सहित महिला इकाई जिलाध्यक्ष श्रीमती मंजूलता जैन, संभागीय प्रभारी श्रीमती आशा गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। समासेजवा एवं राष्ट्रीय एकता को समर्पित इस भव्य वाहन रैली में मनोज केशरवानी, कैलाश मोदी, रामेश्वर गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, आशू जैन, मुकेश मोर, कैलाश गुप्ता, रामहित, जगदीश प्रसाद जड़यिा, शैलेश साहू, कैलाश सोनी तथा श्रीमती मंजूलता जैन, श्रीमती आशा गुप्ता, सुमन गुप्ता, निशा जैन, अनिता साहू, आशा जड़यिा, सारिका जैन, रचना पाटकार, रामप्यारी सोनी, संगीता





अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में वाहन रैली में वैश्य महासम्मेलन से जुड़े महिला-पुरूष सम्मिलित रहे।

# उप जेल पवई में बंदियों को दी विधिक अधिकारों की जानकारी

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा शनिवार को उप जेल पवई में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ द्वारा बंदियों को विधिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सचिव ने जेल मैन्युअल अनुसार बंदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही बैरकों का निरीक्षण किया। साफ-सफाई, बिस्तर व रसोई की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में उप जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी लेकर जमानत आदेश प्राप्ति के सात दिवस में बंदी की रिहाई नहीं होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अविलंब सूचित करने के निर्देश भी दिए। बंदियों को अनुशासन बनाए रखने व स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान बंदियों को अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर जेल प्रशासन के माध्यम से प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रेषित करने के लिए कहा। प्राधिकरण द्वारा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर जरूरतमंद को पैनल से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की जाती है। प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों की जानकारी प्रदान कर जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता के जरिए सुलह करने की सलाह दी गई। इस दौरान सहायक जेल अधीक्षक मुनीन्द्र मिश्रा ने आभार व्यक्त कर सभी बंदियों से शिविर में प्राप्त विधिक जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया।



# पोषण भी पढ़ाई भी, प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

### अब आंगनबाड़ी केन्द्र भी होंगे शिक्षा केन्द्र

**पन्ना।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला कलेक्टर के निर्देशन में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत 20 से 29 मार्च तक परियोजना स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आज महिला एवं बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण अंतर्गत पॉलीटेक्निक कॉलेज पन्ना में अंतिम दिवस के रूप में प्रशिक्षण का समापन हुआ। पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम सक्षम आंगनवाड़ी एवं मिशन पोषण 2 के तहत एक कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विकास के विभिन्न आयामों के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिये ईसीसीई हेतु नेशनल करीकुलम 2024 (आधारशिला) एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिये प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिये नेशनल फ्रेमवर्क (नवचेतना) तैयार किये गये हैं। पोषण भी पढाई भी अंतर्गत आधारशिला एवं नवचेतना को आंगनवाड़ी केन्द्र में क्रियान्वित करने के संबंध में परियोजना पन्ना ग्रामीण की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें प्रशिक्षण सत्र पूर्व गतिविधियों में पंजीकरण किट वितरण, सभी प्रतिभागियों के लिये पूर्व प्रशिक्षण मूल्यांकन एवं बुनियादी नियम गतिविधियां आयोजित की गई। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में पोषण भी पढ़ाई भी आधारशिला और नवचेतना का परिचय, द्वितीय सत्र में आधार शिला 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिये विकासात्मक क्षेत्र, तृतीय सत्र में प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र मे ईसीसीई के लिये खेल आधारित गतिविधियां तथा चतुर्थ सत्र में ईसीसीई के लिये साप्ताहिक खेल आधारित कैलेण्डर आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में परियोजना अधिकारी अशोक कुमार विश्वकर्मा द्वारा पोषण भी पढाई भी अंतर्गत आधारशिला एवं नवचेतना को आंगनवाड़ी केन्द्र में क्रियान्वित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अब प्रशिक्षण के उद्देश्य अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों को शिक्षा केन्द्र के रूप में तैयार किया जायेगा।




# पक्षियों के लिए पानी के साथ दानों का कर रहे इंतजाम

**पवई।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में इको क्लब द्वारा,इको क्लब प्रभारी सतानंद पाठक के नेतृत्व में पक्षियों के लिए पानी के साथ दानों की व्यवस्ता की जा रही है। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी ने बताया कि इको क्लब सदस्यो, के साथ विद्यालय के छात्र-छत्राओं ,द्वारा गर्मियो में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्ता अपने छतो पर घर के पेड़ों पर सकोरे एवं अन्य माध्यम से पानी और पक्षियों के लिए दाने का प्रबंध किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी से निवेदन भी किया जा रहा है कि वे, सभी इस कार्य को करे और दूसरों को भी करने के लिए कहे। प्रधान अध्यापक श्रीमती माया खरे ,शिक्षक सतानंद पाठक , सिद्धार्थ सागर एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं ये पुनीत कार्य कर रहे है। इको क्लब प्रभारी शिक्षक सतानंद पाठक ने पक्षियों को दाना पानी रखते हुए कहा कि गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक सतानंद पाठक द्वारा कई वर्षों से पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान चलाया जा रहा है।



# शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अमानगंज पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस थोटा गुनोर एसडीओपी के निर्देशन पर अमानगंज पुलिस ने आगामी त्योहारों को लेकर सन्ति व्यवस्था नगर में कायम रखने हेतु फ्लैग मार्च निकाला इस दौरान थाना प्रभारी अमानगंज माधवी अग्नोत्री नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया व चौकी प्रभारी महेवा की मौजूदगी में अमानगंज पुलिस स्टाफ ने नगर अमानगंज का भ्रमण पूरे दलबल के साथ किया गया यह फ्लेग मार्च अमानगंज थाना से प्रारंभ हुआ जो अमानगंज गांधी चौक से होते हुए कटनी तिराहा ज्वाला माता मंदिर से नगर का भ्रमण करते हुए वापस अमानगंज थाना पहुंचा जहां इसका समापन किया गया।



# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद गोलीबारी में 1 की मौत, हत्या का मामला दर्ज





**छतरपुर।** जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खिरवा में शनिवार की रात को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच इतना विवाद बढ़ गया कि बात गोलीबारी तक जा पहुंची। घटना में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हुई है, जबकि दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। मामूली घायलों को महाराजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर घायल जिला अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। महाराजपुर पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान लेने के बाद मामला दर्ज किया है। एक पक्ष के 5 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है जबकि दूसरे पक्ष के पांच लोगों पर मारपीट की धाराओं में एफआईआर की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक नीरज दीक्षित भी रात को जिला अस्पताल पहुंचे थे।

### यह है मामला

प्राप्त जानकारी के मुताबिक खिरवा गांव के रहने वाले सज्जन पटेल उम्र 35 वर्ष ने बताया कि गांव के दामोदर सिंह से वर्ष 2023 में उसका विवाद हुआ था, जिसमें दामोदर ने उसके साथ जानलेवा मारपीट की थी। इसी मामले में दामोदर सिंह और उसके साथियों पर महाराजपुर थाना में हत्या के प्रयास का मामला पंजीबद्ध कराया गया था। उक्त प्रकरण न्यायालय में है और गांव का रामपाल पाल गवाह है, जिसके चलते दामोदर सिंह और उसके साथी रामपाल पाल से भी बुराई मानते हैं। दामोदर सिंह और उसके साथी काफी दिनों से रामपाल पाल के ऊपर बयान बदलने का दबाव बना रहे थे। शनिवार की दोपहर में दामोदर सिंह के परिवार के लोगों का रामपाल के परिवार से मामूली विवाद हुआ लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को शांत करा दिया। सज्जन के मुताबिक रात करीब पौने 11 बजे को उसे गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद वह बाहर निकला, जहां दामोदर के परिवार का मान सिंह, अमर सिंह, पप्पू सिंह, चंद्रभान सिंह, राजू सिंह, रवि सिंह, शिवराम सिंह, मूरत सिंह, परशुराम सिंह, सचिन सिंह, प्रद्युम्न सिंह गाली-गलौज करते हुए फायरिंग कर रहे थे। जब रामपाल के बड़े भाई भूपचंद पाल उम्र 40 वर्ष ने उन्हें रोका तो आरोपियों ने उसे गोली मार दी। आरोपियों ने कुल 6 राउंड फायर किए जिनमें से एक गोली भूपचंद पाल के सीने में लग गई और मौके पर ही भूपचंद की मौत हो गई। सज्जन के मुताबिक आरोपी यहीं नहीं रुके इसके बाद आरोपी उसके घर आए और परिवार के लोगों से मारपीट तथा हवाई फायर किए। सज्जन ने बताया कि मारपीट में उसके अलावा मालती पाल उम्र 28 वर्ष, मन्नू पाल उम्र 30 वर्ष, गायत्री पटेल उम्र 35 वर्ष, रेखा पटेल उम्र 32 वर्ष और तुलसीदास पटेल उम्र 40 वर्ष घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष के प्राण सिंह का कहना है कि सज्जन पटेल और उसके साथियों ने पहले उनके साथ मारपीट की और इसके बाद खुद गोली चलाई। प्राण सिंह का कहना है कि सज्जन पटेल द्वारा पूर्व में भी उनके खिलाफ 307 का फर्जी केस दर्ज कराया गया था। शनिवार के घटना के संबंध में प्राण सिंह का कहना है कि वह अपने घर के बाहर बैठे थे, तभी सज्जन और उसके साथी हथियार लेकर आए और शिवराम सिंह पर गोली चलाई, जिससे शिवराम बाल-बाल बचा। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ-साथ परिवार के मान सिंह, शिवराम सिंह, अमर सिंह और राहुल सिंह के साथ मारपीट की, जो सभी घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है।

### इनका कहना है -

खिरवा की घटना के दोनों पक्षों से बयान लिए गए हैं। एक पक्ष के पप्पू सिंह, मान सिंह, शिवराम सिंह, दामोदर और अमर सिंह पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है जबकि दूसरे पक्ष के 5 लोगों पर मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**प्रशांत सेन, थाना प्रभारी, महाराजपुर**

# जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ



संकट मोचन तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**छतरपुर।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल संरक्षण और वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान का रविवार को जिले में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शहर के संकट मोचन तालाब में प्रातः 8 बजे स्वच्छता अभियान चलाया गया, साथ ही नागरिकों को जल संरचनाओं और स्त्रोतों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसडीएम अखिल राठौर, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने तालाब को स्वच्छ बनाने श्रमदान किया। उल्लेखनीय है कि यह प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून 2025 तक चलेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल, संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार, मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ सफाई तथा मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण के लिए आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता पर किए जाएंगे। साथ ही पौध-रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था आदि कार्य किए जाएंगे। एवं पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य किये जायेंगे। अभियान के दिनों में लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। नदियों में जलीय जीवों को पुनर्स्थापित करने की संभावनाएं तलाशेंगे। नदियों की जल धाराओं को जीवित रखने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौध-रोपण, चेकडैम और तालाब निर्माण पर जोर दिया जायेगा। साथ ही नहरों के संरक्षण, जलाशयों से रिसाव रोकने, तालाबों की पिचिंग, बैराज मरम्मत कार्य होंगे एवं बांध तथा नहरों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### चौक बाजार पर हुई राम दरबार की स्थापना

**छतरपुर।** आगामी रामनवमीं पर्व को लेकर रामभक्त उत्साह से भरे हुए हैं और दिन-रात मेहनत कर तैयारियां पूरी कर रहे हैं। बीते रोज शहर के संकट मोचन मंदिर से चौक बाजार तक श्रीराम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों रामभक्तों ने भाग लिया। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी, पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे। रामभक्त डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों की धुन पर थिरकते हुए संकट मोचन मंदिर से चौक बाजार पहुंचे, जहां जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रंगारी, पीतांबरा मंदिर के पुजारी ब्रजेश महाराज सहित अन्य साधू-संतों और रामभक्तों की मौजूदगी में रामदरबार की स्थापना की गई। अगले 9 दिनों तक रामदरबार में महाआरती के साथ-साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस वर्ष के राम दरबार में भगवान को पुष्पक विमान पर विराजित किया गया है। चौक बाजार में स्थापित किए गए आकर्षक रामदरबार को बुंदेलखंड के जाने-माने मूर्तिकार दिनेश शर्मा द्वारा तैयार किया गया है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, समाजसेवी राजेन्द्र अग्रवाल, शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी सहित श्रीराम सेवा समिति के सदस्य और शहरवासी मौजूद रहे।

### मुस्लिम समाज हर्षोल्लास के साथ मनाएगा ईद का त्यौहार

**छतरपुर।** रमजान के महीने में 30 रोजे पूरे होने के बाद मुस्लिम समाज द्वारा ईद का त्यौहार मनाया जाना है। मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि चांद का दीदार होने के बाद सुबह साढ़े 8 बजे ईद की नमाज होगी और इसके साथ ही हर्षोल्लास से ईद का त्यौहार मनाया जाएगा। मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि ईद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ईद के त्यौहार को लेकर शहर के बाजार भी गुलजार नजर आ रहे हैं। बाजार में जगह-जगह सिंवई की दुकानें लगी हैं और तरह-तरह के आकर्षण कपड़े बिक रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि ईद के मौके पर उनकी दुकानों से जमकर खरीददारी हो रही है। ऐसा कहा जाता है कि यह पर्व इस्लाम धर्म के लोगों की एकता और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है। ईद के दिन विशेष नमाज अदा की जाती है। इस दिन मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं और जाने-अनजाने में हुई अपनी गलतियों की क्षमा मांगते हैं।

### सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया श्री झूलेलाल साईं का जन्मोत्सव



**छतरपुर।** भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा एवं सिंधी युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर सिंधी समाज के आराध्य श्री झूलेलाल सांई का जन्मोत्सव (चेटीचंद्र) धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिंधी कॉलोनी के श्री झूलेलाल मंदिर में समाज द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ शनिवार को हो गया था। पूज्य सिंधी पंचायत छतरपुर के अध्यक्ष श्याम आडवाणी ने बताया कि रविवार की सुबह शहर में दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। वहीं मंदिर में भगवान झूलेलाल साईं का जलाभिषेक (शाही स्नान), भजन कीर्तन, प्रसाद वितरण, बाहर से आए कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लंगर हुआ। शाम के समय श्री बहराणा साहिब में ज्योति प्रज्वलित करके महाआरती के बाद शहर में विशाला शोभायात्रा निकली जो सिंधी गुरुद्वारा से चौक बाजार होते हुए महल रोड स्थित बड़े तालाब पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में सिंधी समाज के युवा शाखा मीडिया प्रभारी केशव सिंधी, संरक्षक एवं भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष लालचंद लालवानी सहित समाज की महिलाएं, पुरुष, युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने भाग लिया।

# तिलक लगाकर दी हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ की शुभकामनाएं



**छतरपुर।** विक्रम संवत 2082 वर्ष प्रतिपदा (भारतीय नव वर्ष) के उपलक्ष में रविवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा संचालित महाकौशल प्रांत के मार्गदर्शन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंचाई कॉलोनी प्रबंधन ने शहर के डाकखाना, पन्ना नाका सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर आम जनमानस को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी जयेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि प्राचार्य कृष्णकांत खरे के नेतृत्व में विद्यालय के स्टाफ द्वारा लोगों को तिलक लगाकर हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि आज से भारतवासियों के नव वर्ष का शुभारंभ हुआ है, इस नए वर्ष पर विद्यालय परिवार द्वारा सबके लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना ईश्वर से की गई है।

### सेन समाज ने मनाया हिंदू नव वर्ष

वहीं दूसरी ओर जिला सेन समाज द्वारा महल रोड स्थित गणेश मंदिर में हिन्दू नववर्ष के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेन समाज के अध्यक्ष हेमराज वर्मा ने कहा कि यह केवल नववर्ष का आरंभ नहीं है बल्कि प्रकृति और सनातन संस्कृति के साथ उत्सव मनाने का पर्व है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। तदोपरांत आगामी रामनवमीं पर्व के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक में इस बात पर सहमति बनी है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेन समाज शोभायात्रा और राम भक्तों का भव्य स्वागत करेगा और इसके लिए समाज द्वारा विशाल स्वागत द्वार बनाया जाएगा। बैठक में महासचिव राजेंद्र सेन, नंदकिशोर ओमर, हरचरन सेन, लल्लू लाल सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।

# भगवा ध्वज लगाकर हिंदू नव वर्ष की शुरुआत करें: राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार

### विक्रमोत्सव 2025 के तहत सम्पन्न हुआ सूर्य उपासना कार्यक्रम

### ब्रह्मध्वज की स्थापना के बाद सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाटक की हुई प्रस्तुति



**छतरपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में संस्कृति विभाग द्वारा विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत जिला स्तर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छतरपुर जिले में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के मुख्य आतिथ्य में शहर के ऑडिटोरियम में रविवार 30 मार्च को सूर्य उपासना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान अतिथि के रूप में छतरपुर विधायक ललिता यादव, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसडीएम अखिल राठौर, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्जवल के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग एवं म.प्र. नाट्य विद्यालय भोपाल द्वारा चयनित शंखनाद नाट्य मंच छतरपुर के कलाकारों के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाट्य मंचन किया गया। अंजली शुक्ला के संयोजन में हुए नाट्य मंचन में सम्यक जैन, सर्वेश खरे, अभिदीप सुहाने, माला सेन, प्रिया सेन, राजेश कुशवाहा, प्रमोद सारस्वत, सिद्धार्थ शुक्ला, सार्थक शुक्ला, विशाल सेन सहित लगभग 20 कलाकारों ने भूमिका निभाई। इसके साथ ही कार्यक्रम में भारत पर्व का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का अतिथियों एवं आमजन को वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्री अहिरवार द्वारा ब्रम्हध्वज स्थापित किया गया। साथ ही प्रदेशवासियों को हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यमंत्री श्री अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है आज हमारा हिंदू नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में विक्रमोत्सव, और सूर्य उपासना का कार्यक्रम हुआ है। साथ ही हिंदू नव वर्ष, गुड़ी पड़वा का महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा आज का दिन चैत्र नवरात्रि का महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा शहर में रामनवमी पर विशाल शोभायात्रा निकलती है जिससे पूरा शहर राममय हो जाता है। राज्यमंत्री ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घर घर भगवा ध्वज लगाकर हिंदू नव वर्ष की शुरुआत करें। विधायक श्रीमती यादव ने कहा कि आज चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है गुड़ी पड़वा है, हिंदू नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। जिसके लिए जिले एवं प्रदेशवासियों को बधाई देती हूं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में विक्रम उत्सव का एक बहुत अच्छा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बताना होगा कि नया वर्ष 1 जनवरी नहीं, नया वर्ष गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि से शुरू होता है।

# निराश्रित पशुओं के लिए नगर परिषद ने की पेयजल व्यवस्था



**हरपालपुर।** मार्च खत्म होने से पहले ही जिले में भीषण गर्मी पडने लगी है। दिन के वक्त अभी से सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। वहीं सड़क पर घूमने वाले बेजुबान जानवरों के लिए भी पानी का संकट खड़ा हो गया है, ऐसे में नगर परिषद हरपालपुर द्वारा निराश्रित पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। सीएमओ सीएमओ महादेव अवस्थी ने बताया कि अध्यक्ष अमित अग्रवाल के साथ मिलकर नपा प्रशासन ने कुल 25 स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की है, जिसमे बस स्टैंड,राजपूत कॉलोनी, मैन रोड, हरिहर रोड, नेहरू गेट,पुरानी गल्ला मंडी,लहचुरा रोड, राठ रोड शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर पानी के बर्तन रखे जा रहे हैं और नगर परिषद के कर्मचारियों को पानी भरने की जिम्मेदारी दी जा रही है।

# मतंगेश्वर मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**खजुराहो।** हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन नगर के मतंगेश्वर मंदिर में भक्तों का सैलाब देखने को मिला। प्रातः 4 बजे से ही भक्तों के आगमन का सिलसिला शुरु हो गया था, जो देर शाम तक चलता रहा। मंदिर के समीप मौजूद शिवसागर तालाब में स्नान करने के बाद भक्तों ने भोलेनाथ को जल चढ़ाया और मंदिर के बाहर दान-पुण्य किया। मंदिर पहुंचने वाले भक्तों में सिर्फ स्थानीय लोग नहीं थे, बल्कि समूचे बुंदेलखंड के लोग शामिल थे। मंदिर आने वाले भक्तों की संख्या को ध्यान में रखकर खजुराहो पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। घाट और मंदिर के पास खजुराहो थाना प्रभारी सुरभि शर्मा द्वारा पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने एक दिन पहले ही तालाब के घाट की साफ-सफाई कराई थी जिससे भक्तों को स्नान और पूजा-अर्चना में समस्या नहीं हुई।



# लोक गीत और नौरता नृत्य के नाम रही देशज समारोह की शाम



**खजुराहो।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित आदिवर्त जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय खजुराहो में आयोजित साप्ताहिक देशज समारोह में बीती शाम बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की एक अद्भुत झलक देखने को मिली। समारोह में कलाकारों ने बुंदेली लोकगीतों और नोरता नृत्य की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार नरेन्द्र सेन, भगवनदास यादव, सुश्री महिमा अहिरवार, शैलेंद्र बुंदेला, लक्ष्मण नामदेव, रविन्द्र विश्वकर्मा ने बुंदेली लोकगीतों तथा सुश्री दीपिका पाण्डेय एवं साथी जबलपुर द्वारा नौरता नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि बुन्देलखण्ड अंचल में नवरात्रि के अवसर पर कुँवारी कन्याओं द्वारा नौरता नृत्य किया जाता है, जो कि नौ दिन चलता है। संगतकार के रूप में अश्वनी कुशवाहा (हारमोनियम), घनश्याम प्रजापती (नग?यिा), धीरज अहिरवार (ढोलक), रज्जू विश्वकर्मा (बेन्जो), रोहित मिश्रा (पेड), पट्टू अहिरवार (झींका), नन्द किशोर कुशवाहा (मंजीरा) उपस्थित रहे।

# हिंडालको महान विस्थापित कॉलोनी मझिगवां के विद्यालय का शानदार परीक्षा परिणाम: 97% छात्र हुए उत्तीर्ण



**हिंडालको** महान विस्थापित कॉलोनी मझिगवां में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया। कुल 460 विद्यार्थियों में से 447 छात्र सफल रहे, जिससे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97% रहा। इस उपलब्धि को सम्मानित करने के लिए परीक्षा परिणाम घोषणा एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# एनसीएल के नेहरू शताब्दी अस्पताल ने सीएसआर के तहत निः शुल्क बाल चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**सिंगरौली।** एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत गत शनिवार को निः शुल्क बाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पॉपुलर हॉस्पिटल, वाराणसी से डॉ. प्रभात कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ) ने थैलेसीमिया/सिकल सेल रोग के बारे में थैलेसीमिया चिह्नित बच्चों के अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी एवं उचित परामर्श प्रदान किया। इसके अतिरिक्त उन्होनें शिविर के दौरान उपस्थित बच्चों के स्वास्थ्य की विभिन्न समस्याओं के आधार पर जांच भी की।

इस शिविर में स्थानीय क्षेत्र के 30 से अधिक बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। एनसीएल एनएससी द्वारा यह शिविर थैलेसीमिया/सिकल सेल रोग के बारे में जागरूकता फ़ैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया । इसके साथ ही एनसीएल एनएससी द्वारा उक्त चिह्नित बच्चों हेतु एक निः शुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसके माध्यम से एचएलए परीक्षण के पश्चात बोन मैरो ट्रांसप्लांट करवाने की भी योजना है।

**इस अवसर पर सीएमएस, एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, सीएमएस (इंचार्ज), एनएससी, डॉ. पंकज कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे.**

एनसीएल एनएससी ने लगाया निःशुल्क कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी एवं हड्डी रोग स्वास्थ्य शिविर एनसीएल एनएससी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत गत शनिवार को निःशुल्क कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी एवं हड्डी रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एशियन हॉस्पिटल, फरीदाबाद से चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया।शिविर के दौरान हृदय रोग, न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी, हड्डी रोग एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जाँच की गयी। इस शिविर में से 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत समय-समय पर ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहा है। एनएससी द्वारा समय समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## खबर संक्षेप



### सूर्य उपासना कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम

**रीवा ।** विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिन आज उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विक्रम नववर्ष पर पचमठा धाम पहुंचकर आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित शिव मंदिर में पूजन-अर्चन कर भगवान आशुतोष का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शुक्ल सूर्य उपासना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्म व अध्यात्म हमारी सबसे बड़ी ताकत है। माँ भगवती की आराधना के नौ दिन हमें सही दिशा में काम करने की ताकत देते हैं। माँ की कृपा सभी पर रहे और हम सब जन कल्याण के लिए तत्पर रहें। उन्होंने राम दरबार को माँ बीहर के तट पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि राम दरबार के सदस्य नई चेतना के उदय का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी सहित राम दरबार के सदस्य उपस्थित रहे।

### नशे में धुत होकर सड़कों पर लड़खड़ाते हुए नजर आए गर्ल्स कॉलेज के प्रोफेसर वीडियो वायरल



**रीवा ।** शहर मे छात्रों को पढ़ने वाले प्रोफेसर शनिवार को नशे में धुत होकर सड़कों पर लड़खड़ाते हुए नजर आए, लोगों ने उन्हें सड़क पर लेटा देखा और एम्बुलेंस को सूचित किया। प्रोफेसर को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रोफेसर अभिषेक मालवीय जीडीसी कॉलेज के कॉमर्स विभाग में सेल्फ फाइनेंस के तहत पदस्थ है, शनिवार को न्यायालय के समीप नशे में धुत्त वह सड़क पर गिरे और लेट गए। वह अत्यधिक नशा किए थे, जिससे वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहे थे। प्रोफेसर का एक वीडियो वायरल होने के बाद कॉलेजमें हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि इस समय प्रोफेसर की कॉलेज में छुट्टी चल रही है। अब मामले की जांच की जा रही है।

### सोशल मीडिया से शुरू हुआ प्यार और मिलाप, और फिर मिला धोखा

**रीवा।** सोशल मीडिया पर दोस्ती से शुरू हुआ प्यार अब धोखाधड़ी और दुष्कर्म के गंभीर आरोपों में बदल गया है। उत्तर प्रदेश की एक युवती ने पनवार थाना क्षेत्र के युवक पर शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने और फिर धोखा देने का आरोप लगाया है। युवती ने इस मामले में महिला थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। युवती का कहना है कि करीब तीन साल पहले उसकी फेसबुक के माध्यम से रीवा के पनवार थाना क्षेत्र के ग्राम जिरौहा निवासी चंचल विश्वकर्मा से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी और वे नियमित रूप से एक-दूसरे से मिलने लगे। एक दिन युवक ने उसे शादी का वादा किया और फिर प्रयागराज में एक होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान युवक ने उसे भरोसा दिलाया था कि वह शादी करेगा। युवती का आरोप है कि युवक ने न सिर्फ उसका शारीरिक शोषण किया, बल्कि 60 हजार रुपये भी ले चुका है। जब उसने शादी की बात की तो युवक ने उससे 10 लाख रुपये की मांग की। इस पर युवती ने पनवार थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन मामले में दो बार समझौता हो चुका था। पहली बार युवक और उसके परिजनों ने पुलिस के सामने माफी मांगी और शादी की बात कही, लेकिन उसके बाद युवक ने युवती को घर ले जाकर फिर से शारीरिक संबंध बनाए और अगले दिन मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद युवती ने एक बार फिर रीवा महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# चैत्र नवरात्रिः प्रसिद्ध रानी तालाब मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से शाम तक लगी रही भक्तों की लंबी कतार

**रीवा।**



चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च आज रविवार से हिंदू नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हुआ। इस बार यह नवरत्रि का पर्व 8 दिन का होगा। इसका समापन 6 मार्च को किया जाएगा। इस पर्व को लेकर देवी मंदिरों में यज्ञ हवन की तैयारियां शुरु हो गई हैं जो पूरे नवरात्रि के दिन तक चलेंगी। घरों में भी लोग देवी आराधन की तैयारी में जुट गए हैं। लोग मां का व्रत रखकर आशिर्वाद लेंगे। इस नवरत्रि के दौरान कई जगह पूजा पाठ के साथ साथ हवन और भण्डारे की तैयारियां की जा रही हैं। जिले में मां कालिका का 450 वर्ष से भी ज्यादा प्राचीन मंदिर है। जहां नवरात्रि के प्रथम दिवस मंदिर में भक्तों का सुबह से ही तांता लग गया जो शाम तक चला , देवी मां के दर्शन के लिए फल, फूल, माला और सिंदूर लेकर कतार में खड़े भक्तों से मंदिर की रौनक देखते ही बनी, रानी तालाब मंदिर के प्रति लोगों की बड़ी आस्था है। आस्था के केंद्र इस प्राचीन मंदिर में स्थापित मां कालिका की प्रतिमा का अपना अलग महत्व है। पहले इस मंदिर का संचालन राजघराने द्वारा किया जाता था। अब भारत सरकार इसका संचालन करती है। इस मंदिर से जुड़े कुछ रोचक तथ्य भी हैं। मंदिर में स्थापित मां कालिका को रानी तालाब की देवी के रूप में भी जाना जाता है। इसी तरह से शहर के नए बस स्टैंड के पास फ लमती मंदिर में भी भक्तों की काफी भीड़ सुबह से ही लग जाती है। यही हाल विश्वविद्यालय मार्ग स्थित झलबदरी माता मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा, इतना ही नहीं गोविंदगढ़ क्षेत्र अंतर्गत खंधो स्थित काली माता मंदिर में दर्शन के लिए दूर दूर से भक्तजन पहुंचे, गुढ़ क्षेत्र अंतर्गत भयशोखर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है।पचमठा धाम में ध्वज वंदन के साथ नववर्ष के प्रथम दिवस का हुआ स्वागत

### विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिवस जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया

पचमठा धाम रीवा में विक्रम नववर्ष के प्रथम दिवस पर ध्वज वंदन किया गया तथा मध्यप्रदेश नाट विद्यालय के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि यह दिन सांस्कृतिक पुनस्र्थापना का दिवस है। इस गौरवपूर्ण दिन को हम सबको पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाते हुए अपनी प्राचीन संस्कृति व विरासत से जुड़ना होगा। हमारी पुरातन काल की वेधशाला की गणना आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति भी से भी आगे है। विक्रम संवत की शुरूआत 57 ई.पूर्व हुई थी। यह भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण काल गणना तंत्र बन गया। जो आज भी प्रचलित है। इसी के आधार पर हमारे धार्मिक व सामाजिक अनुष्ठान किए जाते हैं। सांसद श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्य प्रारंभ हुए हैं। योग और आयुर्वेद को संपूर्ण विश्व में मान्यता मिली है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ध्वजा लहरा रही है। कार्यक्रम में नाट दल द्वारा अनुष्ठानिक रीति से ध्वज वंदन किया गया। ब्राम्हध्वज प्रमुख मंदिरों व शासकीय भवनों में स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के संस्कृति सलाहकार एवं निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ श्रीराम तिवारी के विक्रम संवत शुरू होने के इतिहास से संबंधित जानकारी का वाचन किया गया। नाट दल के सदस्यों का इस अवसर पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवड़े, पार्षद मुन्ना खान, पूर्व पार्षद सतीश सिंह, नाट दल के निदेशक विपुल सिंह, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, संयुक्त संचालक शिक्षा केपी तिवारी, डीईओ सुदामालाल गुप्ता, प्राचार्य वरूणेन्द्र प्रताप सिंह, अरूण मिश्रा, सहायक संचालक राजेश मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में संभ्रांतजन व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने किया।

## चैन, मोबाइल व नगदी लूटने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार, सिटी कोतवाली अंतर्गत हुई थी वारदात



**रीवा।**

शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया है, कोतवाली पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गई गले की चेन, मोबाइल व नकद बरामद किया है, घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पीड़ित झगड़ू चौधरी निवासी कटघरा पुनर्वास थाना सलखुआ सहरसा बिहार हाल मुकाम मगुरहाई रिंग रोड कैंप चोरहटा के साथ लूट की घटना हुई थी, जिसके बाद पीड़ित ने सिटी कोतवाली थाना में शिकायत कि वह वह बाजार से कुछ सामान खरीदकर निपनिया होते हुए मगुराई कैप जा रहा था। रात्रि करीबन 8.30 बजे जब वह कालिका कॉलेज के पास पहुचा तो एक लड़का उसकी बाइक के सामाने खड़ा हो गया, जिससे उसने बाइक रोक दी। इसी बीच आरोपी उसे धमकाते हुए बोला कि वह अपना मोबाईल सहित जो सामान लिए है उसे दे दे वह मना किया तो उसे धमकाते हुए जबरन उसके गले का चांदी का चेन, रेडमी कम्पनी का मोबाईल फोन और जेब में रखा 100 रूपए नकद लटकर आरोपी फरार हो गया। घटना की शिकायत के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तालश शुरू की जिसके बाद आरोपी चन्द्रभान साकेत पिता स्वामीदीन साकेत 20 वर्ष को दस्तयाब किया जाकर पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जो लूट की घटना को कारित करना कबूल किया। आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, चेन व नकदी पुलिस ने जब्त कर उसे न्यायालय मे पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पूर्व सांसद के विवादित बयान के विरोध में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने की कार्रवाई की मांग

## गुढ़ थाना पहुंचकर प्राथमिक दर्ज करने हेतु सौंपा ज्ञापन

**रीवा ।**



बीएसप नेता बुद्धसेन पटेल भूत पूर्व सांसद व भूत पूर्व विधायक जो रीवा में रह चुके हैं, गत दिनों दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने ऐसा बयान दिया जिससे विवाद खड़ा हो गया है। जिससे एक बार फिर लोगों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है। जिसके बाद शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र मिश्रा एवं प्रदेश सचिव पंडित सतीश चौबे के नेतृत्व में दर्जनो कार्यकर्ताओं ने गुढ़ थाना पहुंचकर शिकायत पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव सतीश चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि भूत पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल के द्वारा सार्वजनिक रूप से भड़काऊ एवं आपत्तिजनक भाषण के कारण समाज में विशेष रूप से ब्राह्मण समाज के प्रति घृष्णा फैलाने की संभावना उत्पन्न हो गई है। उनके उक्त बयान से समाज में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो रहा है और क्षेत्र की शांति भंग होने की पूर्ण आशंका है। उहोंने कहा कि पूर्व सांसद ने अपने भाषण में ऐसे शब्दो का प्रयोग किया, जो ब्राम्हण समाज के विरूध्द घृणा को बढ़ावा देने वाले है। एक जनप्रतिनिधि होनें के नाते उन्हे समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति समान दृष्टिकोण रखना चाहिये, किन्तु उन्होने एक वर्ग विशेष को निशाना बनाते हुऐ ऐसा विवादित बयान दिया, जो अत्यंत निंदनीय है। इसके अतिरिक्त, मऊगंज में हुई हत्या के मामले में आरोपी पाए गए आदिवासी परिवार द्वारा पुलिस प्रशासन पर हमला किया गया, जिसमें एएसआई रामचरण गौतम जी शहीद हो गए, तथा कई पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए। इस घटना को भी पूर्व सांसद ने जातिगत रंग देने का प्रयास किया और शहीद पुलिस अधिकारी को ब्राहमण बताकर जातिगत आधार पर निशाना बनाया। इतना ही नहीं, उन्होंने आदिवासी परिवार द्वारा किए गए इस कृत्य का समर्थन करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया, जो कि एक प्रकार से अपराध को बढ़ावा देना है और समाज में वैमनस्यता उत्पन्न करने का प्रयास है। पूर्व सांसद दवारा दिया गया यह बयान गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उनके इस बयान से समाज में दवेष, अशांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की संभावना बढ़ गई है। शिकायती पत्र सौंपते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक दर्ज करने व उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का जिले में हुआ शुभारंभ

### जनप्रतिनिधियों व आमजनों ने मिलकर किया जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान





**रीवा ।**

शासन के निर्देशानुसार जिले में भी 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का आज जिले के विभिन्न स्थानों में शुभारंभ हुआ। जल संरक्षण के कार्यों में जनप्रतिनिधियों व आमजनों ने मिलकर अपनी सहभागिता निभाई। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में समारोहपूर्वक जल संरक्षण के कार्यों का शुभारंभ हुआ। गंगेव जनपद अंतर्गत तिवनी में आयोजित जल संरक्षण के कार्य में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने ग्रामीणजनों के साथ श्रमदान किया। इसी प्रकार रामसगरा तालाब गंगेव में भी जल संरक्षण के लिए कार्य की शुरूआत की गई। रायपुर कर्चुलियान के तालाब के समीप जल संरक्षण कार्य एवं सिरमौर के शाहपुर ग्राम पंचायत में रताई तालाब में तथा त्योंथर के दुआरी तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ हुए। गुढ़ तहसील के अंतर्गत हर्दी नम्बर एक गांव में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने जल संवर्धन कार्यों में अपनी सहभागिता निभाई।

मऊगंज जिले में भी जल संवर्धन के कार्य हुए आरंभ जल गंगा अभियान के तहत मऊगंज जिले के सलैया रूस्तम ग्राम पंचायत में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने जल संरक्षण कार्यों का शुभारंभ किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत छुहिया, डिहिया पड़ान के बेला तालाब तथा फूलकरण सिंह में भी जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ किए गए। जनपद हनुमना अंतर्गत बेलौही कला में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने नवीन तालाब निर्माण का भूमिपूजन किया।

## जमीनी विवाद में महिला के साथ क्रूरता पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर की शिकायत

**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना अंतर्गत सिरखिनी गांव रिश्ते के जेठ जेठानी व उनके बच्चें ने महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की है, पहले महिला ने मामले की शिकायत रायपुर कर्चुलियान थाने में दर्ज कराई है। जिसके बाद आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर परेशान पीड़िता शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। घटना के संबंध में पीड़िता ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके पति धर्मेंद्र मिश्रा ने दूसरी शादी कर ली है जबकि वह अपने ससुर रमाकांत मिश्रा के साथ रहती है। महिला ने बताया कि शुक्रवार शाम उसके जेठ जेठानी सहित बच्चों ने उसके साथ जमकर मारपीट की है, जिससे पूरे शरीर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित महिला के शरीर में चोट के निशान भी दिख रहे थे, महिला ने बताया कि घटना की शिकायत उसके द्वारा रायपुर कर्चुलियान थाने में की गई लेकिन अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसकी जान को खतरा है। पीड़िता महिला अपने ससुर के साथ एसपी आफिस पहुंचकर कार्रवाई व जान माल की सुरक्षा के लिए मदद की गुहार लगाई है।

### 12 वर्षीय किशोर के अपहरण आरोप

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेकहा मोहल्ले में बीती शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने एक 12 वर्षीय किशोर का अपहरण कर लिया। हालांकि, किशोर ने साहसिक कदम उठाते हुए मौका देखकर बदमाशों के चंगुल से भागने में सफलता प्राप्त की और घर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। मामले



की शिकायत शनिवार को सिविल लाइन थाना में दर्ज कराई गई है, और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना के अनुसार, आरभ विश्वकर्मा उम्र 12 जो कक्षा छठवीं का छात्र है, गुरुवार शाम लगभग 7 बजे अपने घर लौटने के लिए दुकान से बाहर निकला था। जब वह भाजपा कार्यालय के पास स्थित गली में पहुंचा, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने अचानक उसका मुंह दबा लिया और उसे जबरन बाइक पर बिठाकर ले गए। किशोर के मुताबिक, दोनों बदमाश उसे रेलवे स्टेशन के पास ले गए, जहां उन्होंने उससे उसके पिता का मोबाइल नंबर पूछना शुरू किया। जब आरभ ने मोबाइल नंबर देने से इनकार कर दिया, तो बदमाशों ने उसे वहीं छोड़ दिया और भाग गए। इस मौके पर आरभ ने साहसिकता दिखाई और तेजी से दौड़ते हुए घर पहुंच गया। घर पहुंचने के बाद उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिन्होंने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। किशोर ने यह भी बताया कि वह दोनों बदमाशों को पहले भी एक-दो बार ढेकहा मोहल्ले में देख चुका था, पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम जल्द ही बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## हनुमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शौचालय की सुविधा में भारी कमी

### मरीजों और उनके परिजनों को हो रही कठिनाइयाँ

**मऊगंज**



जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना में मरीजों और उनके परिजनों को बुनियादी सुविधाओं का भारी संकट सामना करना पड़ रहा है। यहां पर शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे मरीजों और उनके परिवारों को भटकने की स्थिति में आना पड़ता है। इस समस्या से मऊगंज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर उन लोगों को जो दूर-दराज से इलाज के लिए आते हैं।स्वास्थ्य केंद्र के आस-पास शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से मरीजों और उनके परिवारों को खुले स्थानों में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।सूत्रों के मुताबिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी और रोगी कल्याण समिति के पैसे का सही उपयोग न होने की वजह से यह सुविधा अब तक शुरू नहीं हो पाई है। अधिकारी यह दावा कर रहे हैं कि जब तक रोगी कल्याण समिति के पैसे का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जाएगा, तब तक शौचालय का निर्माण संभव नहीं है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह स्थिति बहुत ही असुविधाजनक है और इससे मरीजों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्हें खुले में शौच करने के कारण गंदगी और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

## मऊगंज में धूमधाम से हुआ विक्रमोत्सव का आयोजन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम रहे मुख्य अतिथि

**मऊगंज**



पीएम श्री शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में विक्रमोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक गिरीश गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मऊगंज कलेक्टर संजय जैन और पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी , एसडीएम मऊगंज बृजेन्द्र पांडेय, जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह, तहसीलदार सौरभ मरावी जनपद उपाध्यक्ष राजेश पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विक्रमोत्सव की महत्ता को उजागर किया गया। कलाकारों द्वारा विक्रम संवत के गौरवशाली इतिहास और उसकी सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला गया।इस दौरान स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।